वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन 2020-21

खेल और युवा कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश शासन
खेल और युवा कल्याण विभाग

वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन - 2020-2021

खेल और युवा कल्याण विभाग

विभागीय संरचना

विभाग का नाम

खेल और युवा कल्याण

मंत्री

यशोधरा राजे सिंधिया

मंत्रालय

प्रमुख सचिव

श्री पंकज राग (दिनांक 30.01.2021 तक)

श्री गुलशन बामरा (दिनांक 29.01.2021 से निरंतर)

उप सचिव

श्रीमती सरिता बाला ओम प्रजापति (दिनांक 16.02.2021 तक)

श्री संदीप कुमार माकिन (दिनांक 10.02.2021 से निरंतर)

विभागाध्यक्ष

संचालक

श्री पवन जैन



भाग-1

1. संचालनालय के अधीनस्थ कार्यालय
2. विभाग के दायित्व
3. प्रमुख योजनाएं
4. महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

संचालनालय के अधीनस्थ कार्यालय

कार्यरत संस्थाओं का विवरण :-

1. मध्यप्रदेश खेल प्राधिकरण	मध्यप्रदेश खेल प्राधिकरण विभाग की एक सलाहकार संस्था है, इसका मुख्य उद्देश्य खेल गतिविधियों के विकास हेतु सलाह/सुझाव प्रदान करना है।
2. अभियान	विभाग के अन्तर्गत साहसिक खेल गतिविधियों के आयोजन हेतु यह संस्था कार्यरत है।
3. युवा संधि	युवाओं के कल्याण हेतु युवा संधि संस्था संचालित है।

विभाग के दायित्व

क) खेल गतिविधियाँ :

- खिलाड़ियों को प्रशिक्षण।
- ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन।
- सक्रिय खेल संस्थाओं को प्रतियोगिताएं/खेल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुदान।
- खिलाड़ियों को खेल वृत्ति।
- विक्रम, एकलव्य, स्व.प्रभाष जोशी मलखम्ब, विश्वामित्र पुरस्कार एवं लाईफ टाईम एचीव्हमेंट पुरस्कार।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के भूतपूर्व खिलाड़ियों को सम्मान निधि।
- राज्य संघों एवं अन्य संस्थाओं को विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु अनुदान।
- अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार।
- राष्ट्रीय खेल/चैम्पियनशिप में पदक प्राप्त खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को प्रोत्साहन राशि।
- कोच डेवलपमेंट प्रोग्राम।
- जलक्रीड़ा केन्द्र का संचालन।
- मलखम्ब खेल का प्रशिक्षण।
- खेल अकादमियों एवं फीडर सेंटर का संचालन, प्रतिभा खोज एवं प्रशिक्षण।
- खेल मैदानों एवं अन्य खेल सुविधाओं के विकास/सुधार के लिए आर्थिक सहायता तथा खेल अधोसंरचना का निर्माण एवं उन्नयन।

विभाग द्वारा भोपाल में निम्न खेल अकादमियों का संचालन किया जा रहा है

1. **म.प्र. राज्य घुड़सवारी अकादमी**
2. **म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी**
3. **म.प्र. राज्य मार्शल आर्ट अकादमी**
   (जूडो, कराते, बॉक्सिंग, फैंसिंग, कुश्ती, ताइक्वांडो)
4. **म.प्र. राज्य पुरूष हॉकी अकादमी**
5. **म.प्र. राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी**
   (रोइंग, कैनोइंग-क्याकिंग, सेलिंग)
6. **म.प्र. राज्य एथलेटिक्स अकादमी**
7. **म.प्र. राज्य ट्रॉयथलॉन अकादमी**

भोपाल के अतिरिक्त प्रदेश में निम्न खेल अकादमियाँ संचालित की जा रही है :-

म.प्र. राज्य
महिला हॉकी अकादमी,
ग्वालियर

म.प्र. राज्य
बैंडमिंटन अकादमी,
ग्वालियर

म.प्र. राज्य
तीरंदाजी अकादमी,
जबलपुर

म.प्र. राज्य
क्रिकेट अकादमी,
शिवपुरी

ख युवा कल्याण गतिविधियाँ : -

- ग्रामीण युवा केन्द्रों की स्थापना एवं संचालन।
- जलक्रीड़ा एवं साहसिक गतिविधियों का अभियान के माध्यम से संचालन।
- खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा VLCC के सहयोग से प्रदेश के युवाओं को सौन्दर्य एवं फिटनेस के क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण।
- ICICI एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इन्दौर में कौशल विकास प्रशिक्षण।
- Eicher Volvo एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में कौशल विकास प्रशिक्षण।
- IndusInd Bank एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में कौशल विकास प्रशिक्षण का संचालन।
- Gold's Gym एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में शारीरिक दक्षता कौशल प्रशिक्षण हेतु फिटनेस अकादमी का संचालन।
- प्रदेश के युवाओं को सेना, अर्द्धसैनिक बलों, पुलिस, नगर सेना आदि में भर्ती के लिए योग्य स्किल विकसित करने हेतु भोपाल में भर्ती प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन।

प्रमुख योजनाएँ

1. खेल अकादमियों का संचालन

प्रदेश में संचालित 17 खेलों की अकादमियों में प्रदेश एवं देश के विभिन्न स्थानों से प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन कर विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ आवास, भोजन, शिक्षा, चिकित्सा, टूर्नामेंट एक्सपोजर आदि समस्त सुविधायें विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं।

वर्तमान में कोविड कॉल को दृष्टिगत रखते हुए विभाग द्वारा चलाई जा रही अकादमियों में सभी खिलाड़ियों को वापस न बुलाकर सिर्फ अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ी तथा ऐसे खिलाड़ी जिनसे भविष्य में अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की संभावनायें हैं। उन खिलाड़ियों को ही बुलाया गया है, जिनमें मुख्यत: भोपाल में संचालित अकादमियों में 244 बोर्डिंग एवं 16 डे-बोर्डिंग खिलाड़ी, ट्रायथलॉन अकादमी, भोपाल (डे-बोर्डिंग) में 08 खिलाड़ी।

ग्वालियर में संचालित राज्य महिला हॉकी अकादमी में 32 बोर्डिंग एवं बैडमिंटन अकादमी में 19 बोर्डिंग एवं 07 डे-बोर्डिंग खिलाड़ी, जबलपुर में संचालित तीरंदाजी अकादमी में 39 बोर्डिंग एवं 16 डे-बोर्डिंग खिलाड़ी तथा शिवपुरी में संचालित पुरूष क्रिकेट अकादमी में 21 बोर्डिंग एवं 10 डे-बोर्डिंग खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

2. विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं

- **18वां नेशनल फेडरेशन कप जूनियर अण्डर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, दिनांक 25 से 27 जनवरी 2021**
- **REL for Junior National Equestrian Championship Qualifier 2020, दिनांक 22 से 23 नवम्बर 2020**

3. ग्रामीण युवा केन्द्र

युवाओं को सही मार्गदर्शन एवं नेतृत्व प्रदान कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से 52 जिलों के 313 विकासखंडो में ग्रामीण युवा केन्द्रों की स्थापना की गई है। प्रत्येक विकासखंड के ग्रामीण युवा केन्द्र में युवा समन्वयक संविदा आधार पर पदस्थ किए गए हैं। वर्तमान में 313 में से 271 ग्रामीण युवा केन्द्रों में समन्वयक कार्यरत हैं। ग्रामीण युवा केन्द्रों के माध्यम से विश्व स्वास्थ्य दिवस, श्रम दिवस, तम्बाकू निषेध दिवस, विश्व जनसंख्या दिवस, सद्भावना दिवस, खेल दिवस, अर्न्तराष्ट्रीय साक्षरता दिवस, हिन्दी दिवस, गांधी जयंती, बाल दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व मानव अधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है तथा समाज में फैली कुरीतियों जैसे दहेज/बाल विवाह, मृत्यु भोज आदि के क्षेत्र में समाज को जागृत करने संबंधी कार्य किये जाते हैं।

4. रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालन

- **खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा VLCC के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को सौन्दर्य एवं फिटनेस के क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दृष्टि से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण** प्रारंभ किया है, जो 12 फरवरी 2007 से संचालित है। योजनान्तर्गत नॉलेज पार्टनर द्वारा एकेडमी के सफल उम्मीदवारों को शत-प्रतिशत रोजगार दिया जा रहा है। भोपाल, इन्दौर एवं ग्वालियर में संचालित अकादमी के अन्तर्गत अब तक कुल 62 प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया तथा 62 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। अकादमी के अन्तर्गत वर्तमान में 113 भोपाल, 72 इन्दौर एवं 43 ग्वालियर अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
- **ICICI एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इन्दौर में कौशल विकास प्रशिक्षण का संचालन** किया जा रहा है। रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अन्तर्गत इलेक्ट्रिकल एवं होम एप्लायंस, ट्रेक्टर एवं मैकेनिक्स, पम्प एवं मोटर, रेफ्रीजरेशन एवं एयर कन्डिशनर रिपेयर, पेन्ट एप्लिकेशन एवं टेक्निक, सेन्ट्रल एयर कन्डिशनिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन, एवं सेलिंग स्किल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रारंभिक वर्ष अप्रैल 2015 से अब तक 8497 युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2020-21 में 980 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाकर प्लेसमेंट प्रदान किया गया तथा वर्तमान में 150 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।
- **Eicher Volvo एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में कौशल विकास प्रशिक्षण का संचालन** किया जा रहा है। इस रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अन्तर्गत युवाओं को Eicher Volvo कॉमर्शियल व्हीकल्स की रिपेयरिंग आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस योजनान्तर्गत आरंभिक माह अगस्त 2016 से अब तक 162 युवाओं को प्रशिक्षण देकर 129 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, इस वर्ष कोविड काल के कारण अभी तक प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं किया गया है।
- **IndusInd Bank एवं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिवपुरी में कौशल विकास प्रशिक्षण का संचालन** किया जा रहा है। युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की योजनान्तर्गत IndusInd Bank द्वारा बैंकिंग एवं वित्तीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योजना के आरंभिक माह अगस्त 2016 से वर्तमान तक 118 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए 102 युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जा चुका है, इस वर्ष कोविड काल के कारण अभी तक प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं किया गया है।

5. भर्ती सूचना केन्द्र सह प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल

विभाग द्वारा म.प्र. के युवाओं को सशस्त्र बल, अर्द्ध सैनिक बलों में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए एवं सशस्त्र बलों में (बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., असम रायफल, म.प्र. पुलिस, सुरक्षा एजेंसी) भर्ती कराने के लिए शारीरिक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर मुहैया कराये गये हैं। योजना प्रारंभ वर्ष जुलाई 2010 से अभी तक 354 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराये गये हैं । परन्तु इस वर्ष अभी तक कोविड काल के कारण प्रशिक्षण प्रारंभ नहीं किया गया है।

वर्ष 2019-20 तक लाभान्वित प्रतिभागियों का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	विभाग	रोजगार संख्या
1	म.प्र. पुलिस (सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमाण्डर, आरक्षक)	303
2	बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., सी.आई.एस.एफ., असम रायफल्स	12
3	भारतीय सेना	09
4	रेल्वे	08
5	अन्य	22
	कुल योग :-	**354**

6. ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग खेल के माध्यम से करने व विद्यार्थियों एवं अन्य को खेलों के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 से 31 मई के मध्य (एक माह का) खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिला मुख्यालयों एवं अन्य खेल मैदानों पर किये जाते हैं। वर्ष 2019-20 में विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में जिला एवं राज्य मुख्यालय पर लगभग 1.30 लाख बालक-बालिकाओं ने भाग लिया था। वर्ष 2020-21 में कोविड काल के कारण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नहीं किया जा सका।

7. संविदा खेल प्रशिक्षकों की व्यवस्था

आधुनिक, तकनीकी व उच्च स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध करा कर खेलों को बढ़ावा देने एवं नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालय में 1 महिला व 1 पुरूष तथा संभागीय मुख्यालयों पर 2 महिला व 2 पुरूष प्रशिक्षकों की व्यवस्था की गई है। प्रदेश में (ग्रेड-1 के 80 एवं ग्रेड-2 के 41 स्वीकृत पद) कुल 121 प्रशिक्षकों के विरूद्ध वर्तमान में 113 प्रशिक्षक कार्यरत हैं तथा प्रदेश के 12 जिलों में मलखम्ब खेल के 12 मलखम्ब के पद स्वीकृत एवं भरे हैं।

8. साहसिक गतिविधियाँ

दिनांक 02 से 10 फरवरी 2020 तक चण्डीगढ़ में आयोजित 27वां नेशनल एडवेंचर फेस्टीवल में प्रदेश की 06 बालिका एवं 05 बालक द्वारा प्रतिभागिता की गई।

खेल अकादमियों के खिलाड़ियों की वर्ष 2020-21 में अन्तर्राष्ट्रीय उपलब्धियाँ

शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
1	प्रथम एशियन ऑनलाईन शूटिंग चैम्पियनशिप (शॉटगन), 28 से 30 जनवरी, 2021, कुबैत	01 कांस्य

रोइंग अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
1	एशियन कान्टीनेन्टल वर्चुअल इण्डोर रोइंग चैम्पियनशिप, 24 दिसम्बर 2020 (500मी. एवं 2000मी.) वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिये क्वालिफाइंग प्रतियोगिता	04 स्वर्ण

घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

1.	एफईआई वर्ल्ड ड्रेसाज चैलेन्ज, 04 से 05 नवम्बर, 2020, दिल्ली	02 स्वर्ण 01 रजत
2	एफईआई वर्ल्ड ड्रेसाज जंपिंग, 01 से 08 दिसम्बर, 2020, बैंगलौर (कर्नाटका)	01 कांस्य
3	कॉन्कर्ड क्रॉसकन्ट्री सीसीआई वन स्टार इन्टरनेशनल वन स्टार, 14 से 17 दिसम्बर, 2020 जयपुर (राजस्थान)	01 रजत

महिला हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

01	CHILE TOUR जूनियर वूमेन, 09 से 25 जनवरी 2021, SANTIAGO (CHILE)	प्रतिभागिता

म.प्र. राज्य खेल अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा वर्ष 2019-20 में राष्ट्रीय स्तर पर अर्जित उपलब्धियाँ

एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
1	18वाँ नेशनल फेडरेशन कप जूनियर अण्डर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप, 25 से 27 जनवरी 2021, भोपाल (म.प्र.)	03 स्वर्ण 02 रजत 01 कांस्य

घुड़सवारी अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
01	जूनियर नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप, 17 से 30 दिसम्बर 2020, दिल्ली केंट	05 स्वर्ण 06 रजत 04 कांस्य
02	सीनियर नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप ड्रेसाज, 03 से 10 जनवरी 2021, दिल्ली केंट	02 स्वर्ण 02 रजत 02 कांस्य
03	ईएफआई इवेंटिंग सीसीएन वन स्टार, सीसीएन 2 स्टार क्रास कन्ट्री, 14 से 21 जनवरी, 2021 तक मेरठ (उ.प्र.)	01 कांस्य
04	जूनियर नेशनल इक्वेस्ट्रियन चैम्पियनशिप इन्डोरेन्स 40 किमी., 25 से 27 जनवरी 2021, जयपुर (राजस्थान)	01 स्वर्ण 01 रजत 01 कांस्य

कराते अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
01	सीनियर नेशनल ई-काता कराते चैम्पियनशिप (ऑनलाईन) 20 से 20 दिसम्बर, 2020, भोपाल (म.प्र.)	01 स्वर्ण

कुश्ती अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
01	23वी वूमेन सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता, 30 से 31 जनवरी 2021, आगरा (उ.प्र.)	02 कांस्य

कैनोइंग-क्याकिंग अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
01	8वी नेशनल केनो स्लॉलम चैम्पियनशिप, 05 से 07 जनवरी, 2021, महेश्वर, खरगौन (म.प्र.)	08 स्वर्ण 07 रजत 01 कांस्य
02	सीनियर एवं जूनियर नेशनल कैनो मैराथन (स्प्रिंट) प्रतियोगिता, 16 से 18 जनवरी 2021 भोपाल (म.प्र.)	06 स्वर्ण 03 रजत 02 कांस्य

सेलिंग अकादमी के खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

क्र.	प्रतियोगिता का नाम	प्राप्त पदक
01	वाय.ए.आई. सीनियर नेशनल सेलिंग 2020 इन एम.डी.एल. कप 2020, 21 से 27 नवम्बर, 2020, मुम्बई (महाराष्ट्र)	03 स्वर्ण 02 रजत

मध्यप्रदेश खेल अकादमियों के खिलाड़ियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय-राष्ट्रीय कीर्तिमान

- विश्व कप (शूल, जर्मनी) में 1157 अंको के साथ जूनियर विश्व रिकार्ड।
- भारत के लिए ओलम्पिक कोटा दिलाया।
- टोक्यो ओलम्पिक में भागीदारी के प्रबल दावेदार।

- विश्व जूनियर शूटिंग चैम्पियनशिप (कोरिया) में ट्रैप इवेंट में 115 अंक अर्जित कर विश्व रिकॉर्ड की बराबरी।
- वर्तमान में विश्व चैम्पियनशिप में प्रतियोगी मनीषा ओलंपिक पात्रता की दावेदार हैं।



- राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता (असम) में 5000 मीटर दौड़ में 13.95 सेकंड का समय निकालकर 24 वर्ष पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा।
- सैफ़ गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी।
- खरगोन के बाजना ट्राइब के सुनील ने 2021 में दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 5000 एवं 1500 मीटर इवेंट में 4 स्वर्ण अर्जित किए।

अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ वर्ष 2020-21

- एफईआई वर्ल्ड ड्रेसाज चैलेन्ज, 04 से 05 नवम्बर, 2020, दिल्ली में अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा 02 स्वर्ण, 01 रजत पदक अर्जित किये।
- एफईआई वर्ल्ड ड्रेसाज जंपिंग, 01 से 08 दिसम्बर, 2020, बैंगलौर (कर्नाटका) में अकादमी के खिलाड़ी द्वारा 01 कांस्य पदक अर्जित किया।
- कॉन्कर्ड क्रॉसकन्ट्री सीसीआई वन स्टार इन्टरनेशनल वन स्टार, 14 से 17 दिसम्बर, 2020 जयपुर (राजस्थान) में अकादमी के खिलाड़ी द्वारा 01 रजत पदक अर्जित किया।
- एशियन कान्टीनेन्टल वर्चुअल इण्डोर रोइंग चैम्पियनशिप, 24 दिसम्बर 2020 उक्त प्रतियोगिता से वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिये प्रतिभागियों का चयन किया गया है।
- प्रथम एशियन ऑनलाईन शूटिंग चैम्पियनशिप (शॉटगन), 28 से 30 जनवरी, 2021, कुवैत में शूटिंग अकादमी की खिलाड़ी द्वारा 01 कांस्य पदक अर्जित किया।
- 8वीं नेशनल केनो स्लालम चैम्पियनशिप, 05 से 07 जनवरी, 2021, महेश्वर, खरगोन (म.प्र.) में अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा 08 स्वर्ण, 07 रजत एवं 01 कांस्य पदक अर्जित किये।

शिखर खेल अलंकरण

विभाग द्वारा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल हस्तियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिनांक 28 दिसम्बर 2020 को 14 जूनियर खिलाड़ियों को एकलव्य, 10 सीनियर खिलाड़ियों को विक्रम, 03 प्रशिक्षकों को विश्वामित्र पुरस्कार एवं साथ ही जीवनपर्यन्त खेलों में योगदान देने वाली 01 हस्ती को लाईफ टाईम एचीव्हमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

एकलव्य पुरस्कार 2019

क्र.	खिलाड़ी का नाम	खेल	स्थान
1	श्री अजातशत्रु शर्मा	कैनोइंग क्याकिंग	भिण्ड
2	श्री आदित्य दुबे	सॉट टेनिस	देवास
3	श्री ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर	शूटिंग	खरगौन
4	सुश्री गार्गी सिंह परिहार	कराते	सतना
5	सुश्री अंशिता पाण्डे	वूशु	जबलपुर
6	श्री परम पद्म बिरथरे	तैराकी	इन्दौर
7	श्री शंकर पाण्डे	फेन्सिंग	भोपाल
8	श्री अक्षत जोशी	घुड़सवारी	उज्जैन
9	सुश्री अनुषा कुटुम्बले	टेबल टेनिस	इन्दौर
10	श्री प्रियांशु राजावत	बैडमिंटन	धार
11	श्री गोविन्द बैरागी	सेलिंग	राजगढ़
12	सुश्री शिवांगनी वर्मा	सॉटबॉल	टीकमगढ़
13	सुश्री ईशिका चौधरी	हॉकी	ग्वालियर
14	सुश्री नित्यता जैन	शतरंज	इन्दौर

विक्रम पुरस्कार 2019

क्र.	खिलाड़ी का नाम	खेल	स्थान
1	सुश्री राजेश्वरी कुशराम	कैनोइंग क्याकिंग	भोपाल
2	श्री फराज खान	घुड़सवारी	भोपाल
3	श्री अद्वैत पागे	तैराकी	इन्दौर
4	सुश्री मुस्कान किरार	तीरंदाजी	जबलपुर
5	श्री जय मीणा	सॉफ्ट टेनिस	देवास
6	सुश्री चिंकी यादव	शूटिंग	भोपाल
7	सुश्री पूजा पारखे	सॉफ्ट बॉल	इन्दौर
8	सुश्री करिश्मा यादव	हॉकी	ग्वालियर
9	सुश्री जानकी बाई	जूडो (दिव्यांग श्रेणी)	जबलपुर
10	श्री चन्द्रकान्त हरडे	थ्रोबॉल	भोपाल

विश्वामित्र पुरस्कार 2019

क्र.	खिलाड़ी का नाम	खेल	स्थान
1	श्री अभिलाष एम.टी	तैराकी	इन्दौर
2	श्री शरद जपे	खो-खो	इन्दौर
3	श्री गिरधारी लाल यादव	सेलिंग	भोपाल

लाईफ टाईम एचीवमेन्ट पुरस्कार 2019

क्र.	खिलाड़ी का नाम	खेल	स्थान
क्र.	आवेदक का नाम	खेल	स्थान
1	श्री इनाम उर रहमान	हॉकी	भोपाल

सम्मान एवं पुरस्कार राशि

1. वर्ष 2020-2021 में अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक अर्जित करने वाले 262 खिलाड़ियों को प्रथम चरण में खेलवृत्ति प्रदान की गई है।
2. अधिकृत अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक अर्जित करने वाले 155 खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि प्रदान की गई।
3. एशियन गेम्स में पदक विजेता मो. यूसुफ, श्री समीर दाद, श्री मेहबूब खान, सुश्री मधु यादव एवं श्री शिवेन्द्र सिंह को प्रतिमाह सम्मान निधि राशि रू. 12000/- प्रदान की जा रही है।
4. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा श्री सत्येन्द्र सिंह, दिव्यांग खिलाड़ी को तेन्जिंग नारगे साहसिक खेल पुरस्कार (जल आधारित गतिविधियों हेतु) से सम्मानित किया गया। श्री सत्येन्द्र सिंह की इस उपलब्धि पर भारत सरकार द्वारा सम्मान स्वरूप रू. 15.00 लाख प्रदान किया गया।
5. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा श्री योगेश मालवीय, मलखम्ब प्रशिक्षक को द्रोणाचार्य पुरस्कार (रेग्यूलर) से सम्मानित किया गया, श्री मालवीय को भारत सरकार द्वारा सम्मान स्वरूप राशि रू. 10.00 लाख का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।
6. श्री सत्येन्द्र सिंह एवं श्री योगेश मालवीय की उक्त उपलब्धियों पर माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश की घोषणानुसार भारत सरकार के समतुल्य मध्यप्रदेश शासन द्वारा भी क्रमशः राशि रू. 15.00 लाख एवं राशि रू. 10.00 लाख सम्मान स्वरूप प्रदान की गई।

प्रदेश में निर्मित खेल परिसर/स्टेडियम/खेल प्रशिक्षण केन्द्र की जानकारी

संभाग का नाम	जिले का नाम	निर्मित अधोसंरचना का नाम
भोपाल	भोपाल	1. राज्य खेल परिसर, तात्या टोपे, स्टेडियम भोपाल
		2. बाबेअली स्टेडियम, भोपाल
		3. ओल्ड केम्पियन, खेल मैदान, भोपाल
		4. मिनी स्टेडियम, अंकुर खेल परिसर, भोपाल
		5. ध्यानचंद हॉकी एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान, भोपाल
	सीहोर	6. जिला खेल परिसर, सीहोर
		7. मिनी स्टेडियम, बुधनी
		8. मिनी स्टेडियम, नसरूल्लागंज
		9. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बकतरा
		10. चर्च ग्राउण्ड
		11. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, रेहटी
	राजगढ़	12. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, राजगढ़
	रायसेन	13. जिला खेल प्रशिक्षण केन्द्र, रायसेन
	विदिशा	14. जिला खेल परिसर, विदिशा
		15. खेल मैदान, अलीगंज, सिरोंज, विदिशा
ग्वालियर	ग्वालियर	16. खेल परिसर, कम्पू, ग्वालियर
		17. दर्पण खेल परिसर, ग्वालियर
		18. टेनिस परिसर, सिटी सेंटर, ग्वालियर
		19. डबरा स्टेडियम, ग्वालियर
	दतिया	20. खेल परिसर, दतिया
		21. वाटर स्पोर्टस सेंटर, दतिया
	गुना	22. संजय गांधी स्टेडियम, गुना

संभाग का नाम	जिले का नाम	निर्मित अधोसंरचना का नाम
चंबल	श्योपुर	23. वीरसावरकर स्टेडियम, श्योपुर
		24. खेल परिसर, श्योपुर
	शिवपुरी	25. श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर, शिवपुरी
	भिण्ड	26. इंदिरा गांधी स्टेडियम, लहार
		27. इंडोर हॉल, लहार
		28. जीवाजी बैडमिंटन क्लब, भिण्ड
		29. राजीव गांधी स्टेडियम, भिण्ड (उच्च शिक्षा विभाग से हस्तांतरित)
सागर	सागर	30. जिला खेल परिसर, सागर
		31. इण्डोर मल्टीपरपज हॉल, देवरी
		32. खेल परिसर, देवरी (सिलारी)
		33. खेल परिसर, बण्डा
		34. खेल प्रशिक्षण केन्द, शाहपुर
		35. इण्डोर मल्टीपरपज हॉल, गढाकोटा
		36. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, केसली
		37. मिनी स्टेडियम निर्माण, खुरई
		38. इंडोर मल्टीपरपज हॉल, बांदरी
		39. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, देवरी
		40. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, शाहगढ़
		41. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, गौरझामर
		42. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बीना
		43. कृषक स्टेडियम, रहली
		44. इंडोर स्टेडियम, परसौन (मालथौन)
		45. खेल स्टेडियम, ढाना
	टीकमगढ	46. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, बल्देवगढ़
	दमोह	47. खेल परिसर, दमोह
		48. खेल परिसर (शनि मंदिर), दमोह
		49. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, तेंदुखेड़ा
		50. मिनी स्टेडियम, हटा
		51. मिनी स्टेडियम, बटियागढ़
	पन्ना	52. जिला खेल परिसर, पन्ना
		53. इंडोर बैडमिन्टन हॉल, छत्रशाल स्टेडियम,
		54. मिनी स्टेडियम, रेपुरा
		55. मिनी स्टेडियम, सिमरिया
	छतरपुर	56. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, लौंडी (लवकुशनगर)

जबलपुर	जबलपुर	57. खेल परिसर रानीताल, जबलपुर
		58. खेल परिसर रॉझी, जबलपुर
		59. युवा भवन, जबलपुर
		60. एम.एल.बी. हॉकी खेल मैदान, जबलपुर
		61. बघराजी (कुण्डम) स्टेडियम, जबलपुर
	कटनी	62. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, झींझरी
		63. आउटडोर स्टेडियम, बोहरीबंद
		64. इंडोर हॉल, कटनी
	नरसिंहपुर	65. इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, नरसिहंपुर
		66. व्हालीबाल ग्राउण्ड, नरसिहंपुर
		67. मिनी स्टेडियम, करेली
		68. मिनी स्टेडियम, तेंदुखेड़ा
		69. मिनी स्टेडियम, गोटेगांव
		70. मिनी स्टेडियम, गाडरवाडा
	छिंदवाड़ा	71. इंडोर मल्टीपरपज हॉल, छिंदवाडा
	सिवनी	72. हॉकी एस्ट्रोटर्फ, सिवनी
		73. मिनी स्टेडियम, गंगेरूआ
	बालाघाट	74. मुलना इंडोर स्टेडियम, बालाघाट
		75. मिनी स्टेडियम, कंटगी, बालाघाट
	मण्डला	76. पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंडोर खेल परिसर, मण्डला
		77. स्वीमिंग पुल, मण्डला
रीवा	सतना	78. जवाहर नगर स्टेडियम, सतना
		79. खेल परिसर, नागौद
शहडोल	शहडोल	80. खेल प्रशिक्षण केन्द, ब्यौहारी
इंदौर	इंदौर	81. फुटबाल फीडर सेंटर, महू
	खण्डवा	82. मिनी स्टेडियम, पुनासा
	खरगौन	83. जिला खेल प्रशिक्षण केन्द्र, खरगोन
	झाबुआ	84. मल्टीपरपज इंडोर हॉल, झाबुआ
	धार	85. इंडोर हॉल, धार
उज्जैन	उज्जैन	86. महानंदा खेल परिसर, उज्जैन
	शाजापुर	87. जिला खेल परिसर, शाजापुर
		88. मिनी इंडोर हॉल, शुजालपुर
	देवास	89. खेल प्रशिक्षण केन्द्र, देवास
		90. व्हॉलीवॉल फीडर सेंटर, देवास
	मंदसौर	91. खेल परिसर, मंदसौर

संभाग का नाम	जिले का नाम	निर्मित अधोसंरचना का नाम
	आगरा मालवा	92. खेल स्टेडियम, आगर मालवा (नगर पालिका द्वारा हस्तांतरित)
नर्मदापुरम	बैतूल	93. हॉकी एस्ट्रोटर्फ, बैतूल
		94. मिनि स्टेडियम, भैसदेही
		95. खेल मैदान, गौराखार
	होशंगाबाद	96. मिनि स्टेडियम, इटारसी
		97. हॉकी सिंथेटिक एस्ट्रोटर्फ, होशंगाबाद

प्रदेश में निर्मित खेल अकादमियों की अधोसंरचना

संभाग का नाम	जिले का नाम	निर्मित खेल अकादमी का नाम
भोपाल	भोपाल	1- म.प्र.राज्य घुडसवारी अकादमी
		2- म.प्र.राज्य पुरूष हॉकी अकादमी
		3- म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी
		4- म.प्र. राज्य वाटर स्पोर्टस अकादमी
		5- मार्शल आर्ट अकादमी- ताईक्वांडो/कराते/जूडो/बॉक्सिंग/कुश्ती
ग्वालियर	ग्वालियर	6- म.प्र. राज्य महिला हॉकी अकादमी
		7- बैडमिन्टन अकादमी
जबलपुर	जबलपुर	8- तीरंदाजी अकादमी
	नरसिहंपुर	9- व्हालीबाल अकादमी
चंबल	शिवपुरी	10- म.प्र. राज्य पुरूष क्रिकेट अकादमी

भाग-2

वित्तीय प्रावधान
योजनावार बजट प्रावधान एवं व्यय

बजट प्रावधान

आयोजना-(वेतन, भत्ते)

वर्ष 2020-21 में आयोजना शीर्ष के अन्तर्गत जिला स्तरीय तथा संचालनालय में पदस्थ अमले के वेतनभत्ते तथा कार्यालयीन व्यय के लिए मांग संख्या 043-2204-खेल तथा युवा सेवायें- 103-गैर विद्यार्थियों के लिए युवा कल्याण कार्यक्रम-(2304)-निर्देशन और प्रशासन अन्तर्गत रू. 1804.66 लाख, (1078)-खिलाड़ियों के लिए छात्रावास हेतु रू. 27.39 लाख, (6290)-अखिल भारतीय सिविल सेवा खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु राशि रू. 6.16 लाख इस प्रकार कुल रू. 1838.21 लाख का प्रावधान रखा गया था, जिसके विरूद्ध 31 जनवरी, 2021 तक (2304) निर्देशन और प्रशासन मद में रू. 1171.59 लाख, (1078) खिलाडियों के लिये छात्रावास मद में राशि रू. 14.05 लाख (6290)-अखिल भारतीय सिविल सेवा खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन मद में राशि रू. 0.66 लाख का वास्तविक व्यय हुआ है, इस प्रकार कुल राशि रू. 1186.30 लाख की राशि व्यय की गई।

आयोजना

वर्ष 2020-21 में प्रावधानित बजट के विरूद्ध प्राप्त आवंटन एवं व्यय राशि का विवरण निम्नानुसार है :-

वर्ष	बजट प्रावधान	व्यय (31 जनवरी 2021 तक)
2020-21	15575.49	9476.40

मांग संख्या-043

वर्ष 2020-21 के योजनावार बजट प्रावधान तथा व्यय की जानकारी
(0101-सामान्य)

राशि रूपये लाख में

क्र.	योजना का नाम	बजट प्रावधान	व्यय राशि (31 जनवरी 2021 तक)
1	2	3	4
	आयोजना		
	भाग एक राजस्व व्यय-2204		
1	(2304)- निर्देशन और प्रशासन	1804.66	1171.59
2	(1078)- खिलाड़ियों के लिये छात्रावास	27.39	14.05
3	(6290)- अखिल भारतीय सिविल सेवा खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन	6.16	0.66
4	(1190)- खेल कार्यक्रमों का आयोजन	50.00	34.43
5	(4938)- युवा संधि को अनुदान	255.23	156.56
6	(5001)- म.प्र. खेल प्राधिकरण को अनुदान	147.28	77.42
7	(5159)- खेल अकादमियों की स्थापना	2892.04	1960.54
8	(6239)- खेल प्रशिक्षण केन्द्रों को सामग्री	80.92	51.29
9	(6703)- स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना	166.06	122.63
10	(6975)- प्रशिक्षकों को मानदेय	157.00	125.98
11	(7265)- ओलंपिक 2020	112.28	67.71
12	(8840)- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन	696.32	453.66
13	(8841)- मूलभूत सुविधाओं के विकास सुधार हेतु स्टेडियम आदि	752.91	443.89
14	(9044)- माँ तुझे प्रणाम	26.41	17.24
	योग राजस्व व्यय-	**7174.66**	**4697.65**
भाग दो-पूंजीगत व्यय-4202			
1	(5159)- खेल अकादमियों की स्थापना (अधो.)	793.86	457.82
2	(6703)- स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना	1280.00	790.18
3	(7265)- ओलंपिक 2020	137.56	77.01
	योग पूंजीगत परिव्यय-	**2211.42**	**1325.01**
	योग राज्यांश (राजस्व+पूंजीगत परिव्यय)-	**9386.08**	**6022.66**

मांग संख्या-043

वर्ष 2020-21 के योजनावार बजट प्रावधान तथा व्यय की जानकारी
(0102-अनुसूचित जनजाति उपयोजना)

राशि रूपये लाख में

क्र.	योजना का नाम	बजट प्रावधान	व्यय राशि (31 जनवरी 2021 तक)
1	2	3	4
	आयोजना		
	भाग एक राजस्व व्यय-2204		
1	(1190)- खेल कार्यक्रमों का आयोजन	20.00	12.00
2	(4938)- युवा संधि को अनुदान	108.07	80.93
3	(5001)- म.प्र. खेल प्राधिकरण को अनुदान	49.12	25.74
4	(5159)- खेल अकादमियों की स्थापना	895.61	520.71
5	(6239)- खेल प्रशिक्षण केन्द्रों को सामग्री	22.89	10.62
6	(6703)- स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना	54.16	34.74
7	(6975)- प्रशिक्षकों को मानदेय	62.10	57.34
8	(7179)- डी.एस.वाय.डब्ल्यू. अकादमी को शिष्यवृत्ति	0.00	0.00
9	(7265)- ओलंपिक 2020	66.40	36.82
10	(8840)- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन	322.87	150.18
11	(9044)- माँ तुझे प्रणाम	7.60	5.28
	योग राजस्व व्यय-	**1608.82**	**934.36**
	भाग दो-पूंजीगत व्यय-4202		
1	(5159)- खेल अकादमियों की स्थापना (अधो.)	917.54	506.63
2	(6703)- स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना	872.00	499.65
	योग पूंजीगत परिव्यय-	**1789.54**	**1006.28**
	योग राज्यांश (राजस्व+पूंजीगत परिव्यय)-	**3398.36**	**1940.64**

मांग संख्या-043

वर्ष 2020-21 के योजनावार बजट प्रावधान तथा व्यय की जानकारी
(0103-अनुसूचित जाति उपयोजना)

राशि रूपये लाख में

क्र.	योजना का नाम	बजट प्रावधान	व्यय राशि (31 जनवरी 2021 तक)
1	2	3	4
	आयोजना		
	भाग एक राजस्व व्यय-2204		
1	(1190)- खेल कार्यक्रमों का आयोजन	10.00	4ण06
2	(4938)- युवा संधि को अनुदान	84.77	33.34
3	(5001)- म.प्र. खेल प्राधिकरण को अनुदान	48.08	26.91
4	(5159)- खेल अकादमियों की स्थापना	573.07	308.87
5	(6239)- खेल प्रशिक्षण केन्द्रों को सामग्री	30.00	19.89
6	(6703)- स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना	85.01	74.73
7	(6975)- प्रशिक्षकों को मानदेय	180.00	42.41
8	(7179)- डी.एस.वाय.डब्ल्यू. अकादमी को शिष्यवृत्ति	0.00	0.00
9	(7265)- ओलंपिक 2020	101.84	34.42
10	(8840)- खिलाड़ियों को प्रोत्साहन	445.92	274.10
11	(9044)- माँ तुझे प्रणाम	6.00	2.17
	योग राजस्व व्यय-	**1564.69**	**820.90**
	भाग दो-पूंजीगत व्यय-4202		
1	(5159)- खेल अकादमियों की स्थापना (अधो.)	778.36	426.56
2	(6703)-स्टेडियम एवं खेल अधोसंरचना	448.00	265.64
	योग पूंजीगत परिव्यय-	**1226.36**	**692.20**
	योग राज्यांश (राजस्व+पूंजीगत परिव्यय)-	**2791.05**	**1513.10**

भाग-3

सामान्य प्रशासनिक विषय

विभागीय संरचना

खेल और युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत निम्नानुसार पद स्वीकृत है

क्र.	पद का नाम	श्रेणी	स्वीकृत पद संख्या
1.	संचालक	प्रथम	01
2.	संयुक्त संचालक		02
3.	उप संचालक		04
4.	संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी		07
5.	प्रशासकीय अधिकारी	द्वितीय	01
6.	युवक कल्याण अधिकारी		01
7.	खेल अधिकारी		01
8.	सहायक संचालक		03
9.	जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी		51
10	अधीक्षक	तृतीय	02
11	स्टेनोग्राफर ग्रेड-2		02
12	प्रशासक		01
13	प्रशिक्षक		08
14	वरिष्ठ आडिटर		02
15	स्टेनोग्राफर ग्रेड-3		02
16	जन सम्पर्क अधिकारी		01
17	वार्डन		01
18	सहायक ग्रेड-1		02
19	आडिटर		08
20	कम्प्यूटर आपरेटर		05
21	लेखापाल		09
22	सहायक ग्रेड-2 सह लेखापाल		51
23	सहायक ग्रेड-2/भण्डारी		24
24	सहायक ग्रेड-3		127
25	वाहन चालक		06
26	ग्राउण्डमेन	चतुर्थ	02
27	दतरी		01
28	रसोईया		02
29	भृत्य		68
30	माली		01
31	स्वीपर		01
32	खिलाड़ी प्रशिक्षक	संविदा आधार पर	45
33	चौकीदार		57
34	ग्राउण्डमेन		51
35	स्वीपर		63

वर्ष 2020-21 में विभाग द्वारा सहायक ग्रेड-3 के पद पर 02 अभ्यार्थियों की नियुक्ति की गई है एवं विभाग द्वारा इसी वर्ष में 01 विभागीय जांच का निराकरण किया गया है तथा वर्तमान स्थिति में 160 न्यायालयीन प्रकरण प्रचलन में है।

भाग-4

नई प्रस्तावित योजनाएं

योजनाएँ

- **मिशन ओलम्पिक 2024 –**

  प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को ओलम्पिक गेम्स में वर्ष 2024 तक देश का प्रतिनिधित्व व पदक प्राप्त करना। योजना अंतर्गत खिलाड़ियों को चिन्हित कर उन्हें देश एवं विदेश में प्रशिक्षण प्रदान करने तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण, खेल उपकरण व खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराना।

- **करियर डेवलपमेंट प्रोग्राम –**

  प्रदेश के ऐसे सीनियर खिलाड़ी जिनका खेल अंतिम पड़ाव की ओर है इन खिलाड़ियों की करियर डेव्लपमेन्ट प्रोग्राम के माध्यम से काउंसिलिंग कर उन्हें खेलों के क्षेत्रों में अन्य रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण जैसे–कोचिंग, जिम ट्रेनर, स्पोर्टस साइंस, फिजियो थैरेपी, वीडियो एनलाईजर, मसाजर, खेल प्रबंधन (स्पोर्टस मेनेजमेन्ट), आदि स्किल डेवलपमेंट के प्रशिक्षण पाठयक्रम से अवगत कराया जायेगा, जिससे खिलाड़ी खेल के क्षेत्र में अपने करियर को आगे बढ़ा सकें।

- **कोच डेवलपमेंट प्रोग्राम –**

  खेलों के क्षेत्र में निरंतर नये नियम एवं नई पद्धति से प्रशिक्षकों को अपडेट करने के लिये कोच डेवलपमेंट प्रोग्राम प्रारंभ किया जा रहा है।

भाग–5

जेण्डर मुद्दे से संबंधित जानकारी
विभाग द्वारा महिलाओं के लिए संचालित कार्यक्रम



जेण्डर मुद्दे से संबंधित जानकारी

विभाग द्वारा महिलाओं के लिए की जा रही गतिविधियाँ

वर्ष 2018-2019 में महिलाओं के लिए निम्न गतिविधियाँ आयोजित की गई :

1. राज्य महिला हॉकी अकादमी का संचालन :-

विभाग द्वारा वर्ष 2006 से ग्वालियर में राज्य महिला हॉकी अकादमी की स्थापना की जाकर प्रदेश एवं देश से हॉकी की उत्कृष्ट बालिका खिलाड़ियों का चयन कर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की हॉकी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण के साथ-साथ बालिका खिलाड़ियों के आवास, भोजन, चिकित्सा, शिक्षा, बीमा आदि की व्यवस्था भी विभाग द्वारा की गई है। राज्य महिला हॉकी अकादमी की बालिकाओं द्वारा इस वर्ष अर्जित उपलब्धियों की जानकारी निम्नानुसार है :-

महिला हॉकी खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ

CHILE TOUR जूनियर वूमेन, 09 से 25 जनवरी 2021, SANTIAGO (CHILE) -

पुरस्कार

विगत 2019 के शिखर खेल अलंकरण सम्मान समारोह दिनांक 28 दिसम्बर 2020 को आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में प्रदेश की 06 बालिका खिलाड़ियों को एकलव्य एवं 06 बालिका खिलाड़ियों को विक्रम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन